बरेली, मंगलवार
23 सितंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO. 6: MIDDLE

# एसआरएमएस ने चौधरी क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से हराया

जागरण संवाददाता, बरेली : रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी के टूर्नामेंट में पहला मुकाबला सोमवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और चौधरी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच में एसआरएमएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौधरी क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से पराजित कर विजयी आगाज किया।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चौधरी क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित 30 ओवर में मात्र 111 रन बनाकर सिमट गई। टीम की ओर से इंजमाम ने दो छक्कों की मदद से 26 रन, अभिनव ने 22 रन और विमल ने 29 रन बनाए। एसआरएमएस की ओर से अंशुमान कश्यप और लखन ने गेंदबाजी में कहर बरपाया। अंशुमान ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट चटकाए, जबकि लखन ने तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने 25.3 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की जीत में विजय गंगवार का अहम योगदान रहा, जिन्होंने नाबाद 37 रनों की पारी खेलकर मैच को पलट दिया। चौधरी क्रिकेट अकादमी की ओर से इंजमाम और अभिनव ने दो-दो विकेट झटके।

शानदार गेंदबाजी के लिए अंशुमान कश्यप को मैन आफ द मैच घोषित किया गया, जबकि मैच चेजर विजय गंगवार रहे। इससे पूर्व बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजन सचिव मनीष सिंह ने बताया कि मंगलवार को पहला मुकाबला शर्मा क्रिकेट अकादमी, जयपुर और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच जीपी क्रिकेट अकादमी और चौधरी क्रिकेट अकादमी के बीच होगा।